तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 सितंबर 2025

8 दूसरी-तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का होगा आंकलन



8 छात्रा सुमति ने जेआरएफ किया क्वालीफाई



## खबर संक्षेप

### गली विवाद में मारपीट करने पर नौ पर केस

**जींद।** गांव खांडा में गली विवाद के चलते एक परिवार के साथ मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खांडा निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी शिवनारायण परिवार से गली को लेकर कहासूनी हो गई।

### बदमाशों ने युवक का फोन और नकदी लूटी

**कैथल।** अंबाला रोड पर गांव क्योडक के निकट से बाइक सवार तीन युवा एक व्यक्ति का मोबाइल फोन तथा नकदी छीन कर फरार हो गए। प्रोफेसर कॉलोनी के प्रतीक ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 सितंबर को जब रात बजे अंबाला रोड गांव क्योडक के निकट से गुजर रहा था तो 3 युवकों द्वारा उसका रास्ता रोकते जबरन फोन छीन लिया व जेब से 35000 भी छीन कर फरार हो गए।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** गांव मुआना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने ,चांदी के जेवरात व नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुआना निवासी ऊषा ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर जेवर चुरा लिए है।

### चेक गायब कर लगाया 5.15 लाख का चूना

**कैथल।** सदर पुलिस ने चेक गायब कर एक व्यक्ति के साथ 5 लाख 15 हजार की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। गांव मानस के अमृतलाल ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव मानस में पेट्रोल पंप चलाता है। आरोप है कि विजय नामक व्यक्ति उसके यहां नौकरी करता था। आपसी लेनदेन को लेकर विजय ने उससे राशि ली थी।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव तलौडा के निकट स्कूटी सवार के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खेम नगर निवासी सुमित ने बताया कि वह स्कूटी पर सवार होकर गांव तलौडा के निकट गया हुआ था। गांव के अनिल तथा दो अन्य से उसकी कहासुनी हो गई। जिस पर अनिल तथा उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया।

### दुकान में चोरी करने का आरोपित गिफ्तार

**कैथल।** कलायत थाना क्षेत्र मे एक दुकान से चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत के पी एस आई रवि कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मायापुरी कॉलोनी कैथल निवासी महावीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बालू निवासी बलिंदर की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### ऑनलाइन फ्रॉड मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड मामले में राजस्थान निवासी दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राईम जींद के प्रबंधक निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बुधवार को बताया कि दालमवाला निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसे टेलीग्राम और सोशल प्लेटफार्म से ऑनलाइन प्रमोशन का ऑफर देकर धोखाधड़ी की गई।

### एंटी नारकोटिक सैल ने दो नशा तस्कर दबोचे

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल द्वारा अलग अलग मामलों में थाना पूंडरी व चीका क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपये मूल्य का 73 किलो 550 ग्राम डोडापोस्त बरामद किया गया है। नशा तस्करी में प्रयुक्त बैलेनो गाड़ी को जब्त कर लिया गया।

## नागरिक अस्पताल की एमरजेंसी को बढ़ाने का चल रहा काम


# किसी को कुर्सी पर बैठा कर ग्लुकोज लगाया तो किसी का ओपन में उपचार

## नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का भी किया जा रहा जीर्णोद्धार

**चौदह करोड़ से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा**



जींद। कुर्सी पर बैठा कर मरीज को ग्लुकोज लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। हॉल में बैड पर लेटे मरीज। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार का कार्य जोरों से चल रहा है। इसके साथ ही एमरजेंसी के विस्तार का भी कार्य जारी है। जिसके चलते बुधवार को एमरजेंसी वार्ड में आने वाले मरीजों को वार्ड के सामने हॉल में खुले में उपचार दिया गया। बाकायदा यहां बैड लगाए गए। किसी को कुर्सी पर बैठा कर ही गुलुकोज लगाया गया तो किसी को ओपन में उपचार मिला। ऐसे में मरीजों तथा उनके तिमारदारों की परेशानियां बढ़ गई लेकिन किसी ने भी इस पर गुस्सा व्यक्त नही किया। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने भारी काम के बावजूद अपनी एमरजेंसी सेवाओं को बहाल रखा और मरीजों का हर हाल में उपचार किया। अबतक एमरजेंसी विस्तार को लेकर पीछे के कमरों में काम चल रहा था। बुधवार को यह कार्य एमरजेंसी की दीवार को लेकर हुआ। ऐसे में एमरजेंसी के कार्य प्रभावित होने लगे और मरीजों को परेशानी होने लगी। मरीजों की परेशानी को देखते वार्ड के सामने खुले हॉल को ही एमरजेंसी बना दिया गया और यहां बैड व कटन लगा कर मरीजों का उपचार किया गया। नागरिक अस्पताल में लगभग 14 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इस राशि से अस्पताल के भवन को निजी अस्पतालों की तर्ज पर बेहतर लुक व सुविधाएं दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। भवन के टपक रहे लेंटर का सुधार, वाहनों की पार्किंग, शौचालय समेत अन्य सभी जरूरत के सुधार को लेकर काम जारी है। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए एमरजेंसी वार्ड का भी विस्तार किया जा रहा है। अब इस वार्ड में पहले की 10 बेड की क्षमता को बढ़ा कर 20 बेड किया जा रहा है। एमरजेंसी वार्ड के पीछे के कमरों में तोड़-फोड़ का कार्य चला हुआ है। इसे लेकर हेल्थ मिशन (एनएचएम) के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डा. वीरेंद्र ने पिछले दिनों अस्पताल का दौरा किया था।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि इस समय अस्पताल के जीर्णोद्धार के साथ-साथ एमरजेंसी को बढाने का कार्य किया जा रहा है। एमरजेंसी में कार्य चला होने के चलते मरीजों को उपचार में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए कुछ समय के लिए वार्ड के सामने ही हॉल को एमरजेंसी बना दिया गया है। बाकायदा यहां स्वास्थ्यकर्मियों की स्पेशल डयूटी भी लगा दी गई है ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।



जींद। नागरिक अस्पताल में काम करते मजदूर। फोटो :हरिभूमि

## जिला नागरिक अस्पताल लैब में धमाके की आवाज से मचा हड़कंप

### लैब में चटकी फ्लौर टाइलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की लैब में बुधवार उस समय हडकंप मच गया जब धमाके की आवाज सुनाई दी। जिससे पूरे लैब परिसर में अफरा-तफरी मच गई और सभी कमरे से बाहर आ गए। कुछ समय के बाद कर्मियों ने अंदर जाकर देखा तो फ्लोर की टाइलें अचानक से चटकी हुई थी। स्थिति सामान्य होने पर लैब टैक्नीशियनों ने वापस से अपना काम करना शुरू कर दिया है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने भी स्थिति की जांच की और पाया कि कोई बड़ा खतरा नही था। इमरजेंसी वार्ड का काम बिना रुके जारी है और मरीजों की देखभाल में कोई बाधा नही आई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट की कि निर्माण कार्य की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। नागरिक अस्पताल लैब में आम दिनों की तरह ही टैक्नीशियन व अन्य स्वास्थ्यकर्मी काम कर रहे थे। लैब में धमाके की आवाज आई। कोई भी कुछ समझ नही पाया और सभी कर्मी व लैब में मौजूद लोग बाहर आ गए। हालांकि आवाज कुछ पल ही रही लेकिन सभी ने यह सोचा कि कहीं बिल्डिंग न गिर जाए। इसी डर से बाहर आ गए। कुछ समय के बाद स्थिति सामान्य हुई तो अंदर जाकर देखा कि लैब की टाइलें पांच-छह जगह से पूरी तरह उखड़ी हुई थी।

#### काम प्रारंभ

लैब के नोडल अधिकारी डा. अजय ने कहा कि इमरजेंसी को बढाने का काम चला हुआ है। शायद इसी वजह से फर्श में हवा बन गई और धमाके की आवाज से फर्श की टाइलें चटकी हैं। लैब टैक्नीशियनों ने काम करना शुरू कर दिया है।

#### एमरजेंसी विस्तार

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए एमरजेंसी वार्ड का विस्तार किया जा रहा है। अब इस वार्ड में पहले की 10 बेड की क्षमता को बढ़ा कर 20 बेड किया जा रहा है। जिसका लगातार तोड़-फोड़ का काम चल रहा है। इसके अलावा अस्पताल के रेनोवेशन का भी काम चल रहा है। जिसमें लगभग 14 करोड़ की लागत से कई तरह के काम करवाए जा रहे हैं। अस्पताल की 50 साल पुरानी बिल्डिंग को नया दिखाने के लिए टफन ग्लास लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा पाइप, लाइट व अन्य काम भी लगातार चला हुआ है।

## भूमि सौदे के नाम पर 15 करोड़ की ठगी

- फर्म में काम करने वाले कर्मचारी ने ही मालिक को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भरोसेमंद कर्मचारी ही मालिक के साथ विश्वासघात कर बैठे तो नुकसान का अंदाजा करोड़ों तक पहुंच सकता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां प्रॉपर्टी डीलर की फर्म में काम करने वाले कर्मचारी ने उसके साथ मिलकर जमीन सौदे के नाम पर करीब 15 करोड़ रुपये की ठगी कर दी। पीड़ित पिंजौर पंचकूला निवासी राधा कृष्ण की शिकायत पर हरसौला निवासी सुनील कुमार, उसका भाई अनिल कुमार और पत्नी सोनिया के खिलाफ सिविल लाइन थाना कैथल में केस दर्ज किया गया है। शिकायत के मुताबिक, सुनील कुमार साल 2012 से 2021 तक राधा कृष्ण की फर्म में काम करता था और उसे जमीन खरीद-फरोख्त से लेकर पैसों के लेन-देन की पूरी जिम्मेदारी सौंपी जाती थी। इसी भरोसे का फायदा उठाकर सुनील ने 2020 में मालिक को बताया कि हरसौला और प्योदा गांव में किसानों की 120 एकड़ जमीन बिकनी है। इस बहाने उसने पहले 20 लाख रुपये बयाने के लिए लिए और बाद में धीरे-धीरे करोड़ों रुपये फर्म के खाते से निकाल लिए।

### सौदा 120 एकड़ का, नाम मात्र छह एकड़ जमीन

शिकायत में दर्ज है कि सुनील ने राधा कृष्ण के साथ मिलकर 2022 में एक सांझी फर्म बनाई और हरसौला स्थित ग्रामीण बैंक में उसका खाता खोला। मालिक ने इस फर्म में करीब 12 करोड़ 73 लाख रुपये भेजे। आरोप है कि सुनील ने सांझी फर्म से करीब 88 लाख रुपये हड़प लिए। जून 2024 में जब मालिक ने खरीदी गई 120 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री मांगी तो खुलासा हुआ कि आरोपितों ने ज्यादातर जमीन अपने नाम करवा ली। फरवरी 2025 में महज छह एकड़ जमीन ही शिकायतकर्ता के नाम करवाई गई, जबकि बाकी जमीन तीनों आरोपितों के नाम रही। इस तरह कुल 15 करोड़ रुपये की ठगी हो गई।

## बगैर हॉलमार्क वाले 276 ग्राम सोने के जेवर जब्त

- पहलवान और पाल ज्वैलर्स पर जींद में बीआईएस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्रवाई करते टीम। फोटो :हरिभूमि

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने कार्रवाई करते मुख्य बाजार स्थित पहलवान व पाल ज्वेलर्स पर बुधवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने एचयूआईडी (होलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर) रहित आभूषण बरामद किए। जिन्हें उपभोक्ताओं को असली के नाम पर बेचा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पहलवान से 150 ग्राम सोना और पाल ज्वेलर्स से 126 ग्राम सोना जब्त किया। कुल मिलाकर 276 ग्राम नकली हॉलमार्क वाले स्वर्ण आभूषण जब्ती में लिए गए। छापेमारी की अगुवाई पहलवान ज्वेलर्स पर उप निदेशक अनंत कुमार और उपनिदेशक पक्की बालु ने की। जबकि पाल ज्वेलर्स पर निदेशक नविता यादव और उप निदेशक सौरभ चंद्र ने कार्रवाई की। हरियाणा शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख रमेश ने बताया कि यह मामला भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 की धारा 15 का उल्लंघन है। दोषियों के खिलाफ सक्षम न्यायालय में अभियोजन चलाया जाएगा। यह अपराध एक वर्ष तक के कारावास अथवा एक लाख से शुरू होकर माल के मूल्य का पांच गुणा तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडनीय है।

### शिकायत दें

जांच करने के लिए बीआईएस केयर ए और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीआईएस डॉट जीओवी डॉट जीओवी डॉट इन का इस्तेमाल करें। किसी भी शिकायत को 0172-2650290 नंबर पर दर्ज कराएं। बीआईएस ने आश्वासन दिया है कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बीआईएस की कार्रवाई का अन्ना टीम जींद ने खुले शब्दों में स्वागत किया। टीम ने कहा कि नकली हॉलमार्क सिर्फ कानूनी अपराध ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं के साथ किया गया सीधा धोखा है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर हड़पे 4.63 लाख

- साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने पर मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति को चार लाख 63 हजार 100 रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामबीर कालोनी निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया 12 अगस्त को उसके व्हाट्सअप से मैसज आया हुआ था। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा दिखाया गया। गुरप को ज्वायन के करने के बाद उसकी आईडी बना दी गई। जिसमें उसने राशि को निवेश करना शुरू कर दिया। वायलेट मे निवेश राशि पर मुनाफा भी दिखाया जाता रहा। एक सप्ताह में उसने चार लाख 63 हजार 100 रुपये का निवेश किया। जब उसने राशि निकालने की कोशिश की तो उसकी राशि नही निकली। उल्टे और ज्यादा राशि डालने का दबाव बनाया जाने लगा। जिस उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने मोहित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घग्गर का जल स्तर निरंतर हो रहा कम, एक दिन में 2935 क्यूसेक पानी घटा : एसडीएम

- किसान फसल खराबे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करें रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि घग्गर का जलस्तर निरंतर कम हो रहा है। क्षेत्रवासियों को अब घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बुधवार को दोपहर 3 बजे की रिपोर्ट के अनुसार घग्गर का जल स्तर 23.9 तथा 51414 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। वहीं मंगलवार को सुबह 7 बजे जल स्तर 24.8 फुट पर (54349 क्यूसेक पानी) दर्ज किया गया था। यानी कल से अब तक करीब 2935 क्यूसेक पानी कम हुआ है। जिन किसानों के खेतों में जलभराव होने के कारण फसल खराब हुई है, वह किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जाकर रिपोर्ट दर्ज करें, ताकि उन्हें समय पर मुआवजा प्राप्त हो सके।

### तटबंध ठीक किया

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन घग्गर के जल भराव स्थिति पर पूरी निगरानी बनाए हुए है। गत 9 सितंबर को सरोला साइफन के नजदीक 10 फुट चौड़ा तटबंध टूट गया था, जिसे सिंचाई विभाग द्वारा पोकलेन मशीन व ग्रामीणों की मदद से बंद कर दिया गया। आबादी में कहीं पर पानी नहीं घुसा है, सिर्फ खेतों में पानी पहुंचा था। स्थिति कंट्रोल में है। घग्गर से लगते गांवों के खेतों में पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा कमजोर तटबंधों को मजबूत करने का कार्य निरंतर जारी है। विभिन्न मशीनें व लेबर इस कार्य में लगी हुई है। ग्राम स्तर की टीमें भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पुलिस विभाग द्वारा मुख्य स्थानों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए है। कैथल-पटियाला रोड पर स्थित घग्गर टटियाणा गेज के नजदीक ब्रह्म शक्ति आश्रम में पुलिस फ्लड वार्निंग स्टेशन स्थापित है।

## थार सवार दो ने दिन दिहाड़े राइस मिल अकाउंटेंट का किया अपहरण

- पंजाब सीमा में ले जाकर चैक छीनकर जबरन गाड़ी से उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

पंजाब नंबर की थार गाड़ी में सवार होकर आए दो लोगों ने चीका के एक राइस मिल के अकाउंटेंट का दिन दिहाड़े अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपी पंजाब के गांव राम नगर ले गए और वहां पर उससे साढ़े तीन लाख रुपये का चेक छीन जबरन गाड़ी से उतार फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई लेकिन जब तक पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। खुशहाल माजरा रोड़ पर स्थित जिंदल ओवरसीज के अकाउंटेंट सुरेंद्र सिंह ने चीका थाना में दी लिखित शिकायत में बताया कि पंजाब के धुरी शहर के अरूण व हरदीप ने गत 8 अगस्त को उनकी फर्म से चावल खरीदा था चावल की एवज में 3.50 लाख का चेक दिया था, जिसका 30 अगस्त को भुगतान होना था। सुरेंद्र ने बताया 30 अगस्त को जब चैक लगाया तो पर्याप्त रुपये ना होने से बाउंस हो गया। शिकायत में बताया कि मिल मालिक शीशपाल जिंदल ने जब पैसे की मांग की तो अरूण व हरदीप सिंह ने पैसे लेने के लिए समाना बुलाया लेकिन वहां पर पैसे देने की बजाए उल्टे चैक वापिस करने के लिए दबाव बनाने लगे।

**कार्रवाई** ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कैथल पुलिस सख्त

# प्रेशर हॉर्न लगी बाइक का 35 हजार और बुलेट मोटरसाइकिल का 21 हजार रुपये का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतने वाले के साथ एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते चालान करने के साथ साथ जागरूक किया जा रहा है। पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट तथा प्रेशर हॉर्न वाले बाइक चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाते हुए निरंतर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते बताया कि बुलेट चालक बाइक का साइलेंसर चेंज करवा कर पटाखे बजाकर तथा अन्य बाइक चालक प्रेशर हॉर्न लगवा कर दहशत फैलाने का काम करते है। एसे बाइक चालको पर सख्त एक्शन लेने के लिए एसपी आस्था मोदी द्वारा आदेश दिए गए है। इसी कड़ी में ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार, ट्रैफिक थाना मुंशी एचसी कपिल देव तथा क्यू आर टी टीम द्वारा पेहवा चौक तथा अंबेडकर चौक कैथल से मॉडिफाई करवाई हुई एसी एक बुलेट बाइक तथा एक स्प्लेंडर प्लस बाइक को काबू किया गया। बुलेट बाइक का 21 हजार 500 रुपए का तथा स्प्लेंडर प्लस बाइक का 35 हजार रुपए का चालान किया गया तथा यातायात नियमों की घोर अवहेलना करने पर दोनों बाइकों को इंपाउंड कर लिया गया।

### ओवरस्पीडिंग जैसी गलतियों से बचें

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि प्रेशर हॉर्न न केवल कानूनन प्रतिबंधित हैं बल्कि आमजन के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए भी हानिकारक हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपील की है कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करें, वाहन पर किसी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न करें, प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म व ओवरस्पीडिंग जैसी गलतियों से बचें। नियमों का पालन करने से स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

## गांव घसो खुर्द का बेटा अभिमन्यु बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



घसो खुर्द गांव का बेटा अभिमन्यु ने लेफ्टिनेंट बन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अभिमन्यु के पिता डा. सत्यवान पोलित ने बताया कि छह सितंबर को अभिमन्यु को रैंक ओटीए चेन्नई 120वां कोर्स पूर्ण कर कमिशन प्राप्त हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से बीए ऑनर्स एलएलबी, एलएलएम की पढ़ाई 2024 में पूरी की। डा. सत्यवान पौलिस्त भारतीय वायु सेवा से सार्जेंट पद से रिटायर और वर्तमान में पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर 46 चंडीगढ़ में अंग्रेजी विभाग में प्राध्यापक है।

### पढ़ाई-खेल में अव्वल रहे

माता गृहणी है तो बड़ी बहन श्वेता काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट है और उनकी शादी भारतीय वायुसेना के ऑफिसर पायलट से हुई है। अभिमन्यु बचपन से ही भारतीय सशस्त्र बलों में और विशेष कर आर्मी जॉइन करना चाहते थे। उनके नाना सूबेदार मेजर से और मामा सूबेदार से रिटायर हैं। मिलिट्री माहौल में बड़े होने से उन्हें हमेशा फौज में शामिल होने की प्रेरणा मिलती रही। पढ़ाई और खेल में अव्वल रहे।

## खबर संक्षेप

### साइकिल खरीद मेले का आयोजन 15 सितंबर को

**जींद।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि 15 सितम्बर को जिला स्तर पर कक्षा छठी अनुसूचित जाति के ऐसे छात्र, छात्राएं जो दो किलोमीटर या इससे अधिक की दूरी से विद्यालय में आते हैं (जो छात्र विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा का लाभ ले रहे हैं, उनको छोड़ कर)। उन्हें साईकिल उपलब्ध करवाने के लिए साइकिल खरीद मेले का आयोजन किया जाएगा।

### माता-पिता की याद में रक्तदान शिविर 19 को

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के निकट सेवा सदन में 19 सितंबर को माता-पिता की याद में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहे हैं। रक्तदान शिविर की थीम जीते जी रक्तदान व जाते-जाते नेत्रदान के साथ-साथ पौधारोपण रहेगी। इसके अलावा आए लोगों को रक्तदान की महत्ता के साथ-साथ मतदान की महत्ता को लेकर भी जागरूक किया जाएगा।

### खेतों से दो किसानों के इनवर्टर, बैटरियां चोरी

**जींद।** गांव बीबीपुर में दो किसानों के खेतों से बीती रात चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव रामराये खेड़ा निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे तथा पड़ोसी के खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर केबल, दो बैटरी, इन्वर्टर, गैस चूल्हा, सिलेंडर, पंखा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### अग्रसेन जयंती को लेकर अग्रवाल बंधुओं की बैठक

**नरवाना।** आगामी 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर मंगलवार शाम को नरवाना के सनातन धर्म मंदिर खादी चौक पर अग्रवाल बंधुओं ने एक मीटिंग बुलाई। जिसमें सर्व समिति से हंसराज समैण को प्रधान, नरेश जैन को उप प्रधान, रोहतास सिंगला को संरक्षक, मुकेश को महासचिव, अर्जुन गोयल को कैशियर नियुक्त किया गया।

### सुरक्षा बीमा योजना लोगों के लिए हो रही है कारगर

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**जींद।** आगामी 13 सितंबर को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना, सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए छह पीठों का गठन किया गया है। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामले में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है। लोक अदालत में सस्ता व सुलभ न्याय मिलता है।

### विवाह शगुन योजना के प्रति किया जागरूक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

### टीबी मरीजों को वितरित की निक्षा पोषण किट

**नरवाना।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र गांव पिपलथा में टीबी के मरीजों को निक्षा पोषण किट वितरित की गई। नागरिक अस्पताल नरवाना के एसएमओ डा. देवेंद्र बिंदलिश के दिशा निर्देशन में अनुभवी स्वास्थ्य मित्र ट्रस्ट रजि. हरियाणा जिला जींद प्रधान डा. सुरेश मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में किया प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी निबंध प्रतियोगिता में मुनीष प्रथम, किरण द्वितीय

स्नातक-स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर हिंदी विभाग एवं साहित्य संस्थान द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी लेखन प्रतिभा को निखारना था। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि आयोजन न केवल विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति सम्मान का प्रतीक है बल्कि उन्हें अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का एक मंच भी प्रदान करता है। प्रतियोगिता को महाविद्यालय द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वैश्वीकरण के युग में हिंदी का महत्व हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार में विदेशी लेखकों का योगदान, और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में राजभाषा हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन विषयों पर लिखे निबंधों में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और गहन चिंतन का परिचय दिया। डा. सुनीता, हरज्ञान और डा. शीला दहिया की निर्णायक मंडल ने निबंधों का मूल्यांकन किया और विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता में मुनीष, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, किरण स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान और रितु स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, ममता, डा. किरण बाला और प्रोमिला उपस्थित रही।

### मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर व्याख्यान



जींद। विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय टास्क फोर्स के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्राचार्य सत्यवान ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज युवाओं की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि छात्र मानसिक रूप से मजबूत होंगे तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नही है बल्कि जीवन को नई दिशा देने के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग एवं ध्यान करना चाहिए। मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए तथा अपने विचार परिवार एवं मित्रों के साथ साझा करने चाहिए। जरूरत पडने पर आप टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## खोखरी में निकाली एड्स जागरूकता रैली

- जागरूकता फैलाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज के आरआरसी क्लब द्वारा हरियाणा सरकार के एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत खोखरी गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डा. सीमा दलाल और सदस्य डा. पिंकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने प्राचार्य डा. पूनम मोर के संबोधन से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को एचआईवी एड्स जागरूकता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि छात्राओं को न केवल स्वयं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहना है बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी ताकि सभी देशवासी एक स्वस्थ जीवन शैली के साथ सुखद जीवन जी सकें।

इसके बाद डा. सीमा दलाल और डा. पिंकी के साथ 30 कॉलेज छात्राओं को खोखरी गांव में जागरूकता रैली के लिए रवाना किया गया। गांव में पहुंचने पर गांव के सरपंच ने इस पहल की प्रशंसा की।



जींद। जागरूकता रैली में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। बच्चों को सर्टिफिकेट देते हुए । फोटो :हरिभूमि

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा विश्वकर्मा स्कूल में कल्चरल एक्टिविटी टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपने मनपसंद स्किट, चुटकुले, डांस व गीत प्रस्तुत कर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साह और टैलेंट ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। सभी प्रतिभागियों को यूथ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट और आत्मविश्वास की चमक देखने योग्य थी। राजेंद्र बंसल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रायला युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। रोटरी क्लब नरवाना की सामाजिक एवं धार्मिक सेवाओं की भी जानकारी दी और बच्चों को जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

### एसडी कन्या कालेज में कार्यक्रम का आयोजन

**उचाना।** एसडी कन्या महाविद्यालय में हरियाणा राज्य एड्स समिति द्वारा एचआईवी जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या अंजू रानी ने की। रेडक्रास इंचार्ज राजकौर ने छात्राओं को एचआईवी संक्रमण के बारे में जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी राजबाला ने कार्यक्रम का संचालन किया। बताया कि एड्स किस प्रकार हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करके हमारे शरीर को दीमक की भांति खाकर कमजोर बना देता है। रेडक्रास और एनएसएस की छात्राओं ने पोस्टर्स पेंटिंग बनाकर एचआईवी पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने भाषण, कविता, लघु नाटिका के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

### सतबीर बने कांग्रेस एससी विभाग के जिला अध्यक्ष

**नरवाना।** हरियाणा कांग्रेस में संगठन निर्माण का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हरियाणा एससी विभाग के संगठन की सूची जारी की। सूची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं नरवाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रहे सतबीर दबलैन को कांग्रेस एससी विभाग के जींद जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। सतबीर दबलैन के जिला अध्यक्ष बनने पर बुधवार को सुरजेवाला भवन नरवाना में कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से सतबीर दबलैन का स्वागत किया गया और उनकी नियुक्ति पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई। सतबीर ने सुरजेवाला भवन पहुंच कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला और जगरूप सिंह सुरजेवाला का धन्यवाद किया। सतबीर दबलैन ने जिला जींद कांग्रेस एससी विभाग का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक आदित्य सिंह का आभार व्यक्त किया।



कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष सतबीर का स्वागत करते कार्यकर्ता।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के द्वारा करियर ग्रोथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार कॉलेज की प्लेसमेंट सेल एवं अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ। संगठन के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण ही युवाओं को आत्मनिर्भर भारत का सशक्त योद्धा बनाएगा। संगठन का उद्देश्य है कि हर विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तकनीकी रूप से तैयार हो। उन्होंने आगे कहा कि साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और साइबर ठग विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में डिजिटल सुरक्षा का ज्ञान युवाओं के लिए अनिवार्य है। यदि विद्यार्थी समय रहते एआई और साइबर सुरक्षा की समझ विकसित करेंगे तो वे न केवल अपने करियर को सुरक्षित बना सकेंगे बल्कि समाज को भी डिजिटल खतरों से बचाने में योगदान दे पाएंगे।

### विद्यार्थियों ने त्रिवेणी लगाई

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में एनएसएस का एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम तथा सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना था। अध्यक्षता विद्यालय के एनएसएस अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने की। शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में त्रिवेणी पीपल, नीम और बरगद का सामूहिक रोपण किया। भारतीय परंपरा में इन तीन वृक्षों का विशेष महत्व है। पीपल जीवनदायिनी ऑक्सीजन का भंडार माना जाता है, नीम आयुर्वेदिक औषधियों का अमूल्य स्रोत है और बरगद छाया तथा दीर्घायु का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण के साथ ही यह संदेश दिया कि पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। इनकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।इस अवसर पर सभी छात्रों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि हम जीवन में कभी भी वृक्षों की कटाई नहीं करेंगे बल्कि अपने आस.पास हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेंगे। अगर हर नागरिक वर्ष में केवल एक पौधा भी लगाए और उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संकट काफी हद तक दूर हो सकता है।




जींद। शिविर के दौरान मौजूद प्राचार्य और अन्य। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। बुराडेहर गांव में सोशल ऑडिट करती टीम। फोटो :हरिभूमि

### सोशल ऑडिट महत्वपूर्ण कदम

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गांवों में मनरेगा सोशल ऑडिट 11 अगस्त से चली हुई है। मनरेगा सोशल ऑडिट टीम की बीआरपी पूनम रानी ने बताया कि सोशल ऑडिट का कार्य सोशल ऑडिट यूनिट व ग्रामीण विकास विकास विभाग चंडीगढ़ के दिशा निर्देशानुसार किया जा रहा है। एक गांव में तीन दिन की प्रक्रिया होती है। पहले दिन दस्तावेज की जांच और दुसरे दिन कामों का भौतिक सत्यापन और तीसरे दिन ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। जिसमें सोशल ऑडिट टीम द्वारा निगरानी कमेटी का गठन करके जांच के दौरान पाए गए तथ्यों को कमेटी के सामने रखा जाता है और कमेटी द्वारा कार्यों का सत्यापन किया जाता है। सोशल ऑडिट प्रक्रिया सरकारी योजनाओं में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए कारगर साबित हो रहा है। इसके द्वारा लोगों को योजना के उद्देश्य और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत किए कार्यों की पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अब सोशल ऑडिट एक महत्वपूर्ण कदम बन चुका है।



अलेवा। हसनपुर गांव में टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### टैटनस के लगाए टीके

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी के अधीन विभिन्न गांव के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग ने नियमित टीकाकरण के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों को टीबी, हेपेटाइटस बी, पोलियो, गलघोटू, टैटनस, काली खांसी, खसरा, रूबैला, निमोनिया, दिमागी बुखार और दस्त जैसी 12 जानलेवा बीमारियों के बचाव के लिए टीका लगाया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाता है और एक स्वस्थ समुदाय बनाने में मदद करता है। टीकाकरण से बच्चों में शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के टीके लगाए गए ताकि प्रसव के दौरान महिलाओं में टैटनस बीमारी का संक्रमण रोका जा सके। इसलिए गर्भवती महिलाओं को भी टीकाकरण करवाना चाहिए तथा गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को फोलिक एसिड, कैल्शियम की गोलियों के अलावा संतुलित आहार लेना चाहिए व रूटीन चेकअप करवाते रहना चाहिए। डिलीवरी अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के डिलीवरी हट या फिर नागरिक अस्पताल में करवानी चाहिए।

## छात्रा सुमति ने जेआरएफ किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के जूलॉजी विभाग की एमएससी (मास्टर ऑफ साइंस) की छात्रा सुमति जो वर्तमान में एमएससी के तीसरे सेमेस्टर में पढ़ाई कर रही हैं ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने यूजीसी सीएसआईआर नेट 2025 की परीक्षा में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) क्वालीफाई किया है और पहले प्रयास में ही एआईआर (ऑल इंडिया रैंक 41) प्राप्त की है। सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी, चेयरपर्सन प्रो. आनंद कुमार, विभाग प्रभारी डा. सुनील रोहिल्ला, डा. संजय श्योराण और समस्त स्टाफ ने सुमति को हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के समर्पित स्टाफ की मेहनत का परिणाम है, जो इस क्षेत्र में छात्रों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



जींद। छात्रा को मिठाई खिलाते कुलगुरु। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

प्रो. रामपाल सैनी ने यह भी बताया कि एमएससी जूलॉजी का कोर्स केवल दो साल पहले विवि में शुरू हुआ था। उस समय इसे एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आज सुमति की सफलता ने इसे साबित कर दिया है कि सीआरएसयू में एक सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल है, जहां छात्र अपनी मेहनत और लगन से प्रगति कर रहे हैं।



नरवाना। केएम राजकीय कॉलेज में पौधारोपण करते छात्र, छात्राएं व प्राध्यापक।

### कॉलेज में लगाए 60 पौधे

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में हिंदी विभाग एवं भारतेंदु परिषद के सौजन्य से विभागाध्यक्ष प्रो. जगबीर दूहन के निर्देशन में एमए हिंदी के विद्यार्थियों ने महादेवी वर्मा नाम से एक पार्क गोद लिया। इस पार्क में फूलदार व सौंदर्य युक्त पौधों का शुभारंभ प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने किया। कॉलेज प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए यह एक अच्छी पहल है। इस प्रकार के पौधारोपण कार्यक्रम न केवल प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण को भी बचाए रखते हैं। एमएए हिंदी के विद्यार्थियों ने एक-एक पौधा अपने नाम से लगाया तथा उसको संरक्षित रखने की जिम्मेवारी ली। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्राध्यापकों ने सामूहिक राशि एकत्रित करके पार्क के कैंपस में 60 पौधे लगाए। हिंदी विभाग के प्राध्यापकों सुल्तान सिंहए कविता व सुमन देवी ने पौधारोपण को सम्पूर्ण करवाया। इस अवसर पर उप प्राचार्य कृष्ण कुमार, मेजर सुरेंद्र कुमार, जयपाल आर्य, राजेश कुमार, ऊषा शर्मा, राजवीर नैन, सज्जन कुमार व डॉ सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## आंकलन को लेकर अध्यापकों को दी ट्रेनिंग

# दूसरी-तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का होगा आंकलन

### 15 सितंबर को भाषा विषय का आंकलन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

शिक्षा विभाग राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों का आंकलन करेगा। इसी के चलते बुधवार को अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद व ट्रेनर मनीषा ने अध्यापकों को टेंनिग दी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कौशिक ने किया। यह आंकलन 15 और 16 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

विभाग ने इससे जनगणना अभ्यास का नाम दिया है। जिसके तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक स्थिति का आंकलन कर उन्हें मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक क्षमता को पहचाना और उसके अनुसार उन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध करवाना है। दरअसल यह कार्य टैब से करना है। स्कूल प्रिंसिपल भी मौजूद रहेगा ताकि आंकलन सही तरीके से हो सके। करीब दो घंटे तक ट्रेनिंग में बताया गया कि कैसे टैब में पूरी जानकारी देनी है। 15 सितंबर को भाषा विषय का आंकलन किया जाएगा। इसमें हिंदी भाषा में शब्द, वाक्य तथा अनुच्छेद, पठन, निपुणत्ता को परखा जाएगा। 16 सितंबर को गणित विषय का आंकलन होगा। जिसमें संख्याओं की पहचान, जोड़ तथा घटाव जैसे आधारभूत कौशल परखने पर जोर रहेगा। इस अवसर पर एबीआरसी सुमन, राममेहर, अशोक, अमरदीप आदि उपस्थित थे।



#### अध्यापक एप के माध्यम से होगा टेस्ट

खंड शिक्षा अधिकारी अलेवा रणपाल श्योकंद ने बताया कि सभी अध्यापकों को नगूरां खंड शिक्षा कार्यालय में ट्रेंनिग भी दी गई है। दूसरी व तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का आंकलन होगा। अध्यापक एप के माध्यम से यह टेस्ट होगा। सभी अध्यापकों को कहा गया है कि जो विद्यार्थी बताए वही भरें ताकि आंकलन सही हो।



### डा. नवीन को बेस्ट एंकर अवार्ड मिला

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने बेस्ट एंकर अवार्ड प्राप्त करने पर डा. नवीन लडवाल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विवि के शिक्षक यदि शिक्षा, शोध और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं तो यह पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। डा. नवीन लडवाल की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों को चाहिए कि वे डा. लडवाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. लवलीन मोहन ने कहा कि डा. नवीन लडवाल की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। ऐसे सम्मान हमारे शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता और शोध कार्य के उच्च स्तर को दर्शाते हैं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉण कुलदीप नारा ने कहा कि डा. नवीन लडवाल ने विभाग और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

## पूर्व विधायक लीला राम और चेयरपर्सन सुरभि गर्ग मौजूद रही

# मनोनीत पार्षद सरदार स्वरूप सिंह और बलदेव लोट को दिलाई शपथ

### नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाना: सुरभि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। मनोनित पार्षद नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को आयोजित मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह ने शहर के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारी वर्ग से जुड़े गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने की, जबकि पूर्व विधायक लीला राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह, नगर परिषद की वाइस चेयरपर्सन सीमा देवी, एडवोकेट कृष्ण सैनी, पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, समाजसेवी आयुष गर्ग, उद्योगपति अशोक मित्तल, युवा नेता सुमित गर्ग नौच सहित अन्य पार्षद और गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। मंच का संचालन पार्षद विरेंद्र बतरा ने किया। समारोह में सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद सरदार स्वरूप सिंह और बलदेव लोट को शपथ दिलाई गई। वहीं तीसरी मनोनीत पार्षद उर्मिला शर्मा पारिवारिक कारणों से समारोह में शामिल नहीं हो सकीं। उनकी ओर से उनके पति सुरेश शर्मा कार्यक्रम में पहुंचे, जिनका ईओ दीपक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने शपथ ग्रहण समारोह में मनोनीत पार्षदों का स्वागत करते कहा कि शहर के विकास कार्यों में अब और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिस प्रकार निर्वाचित 31 पार्षदों द्वारा उठाई जाने वाली समस्याओं पर ध्यान देते हैं, उसी तरह मनोनीत पार्षदों की बातों को भी गंभीरता से लें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी पार्षद की अनदेखी न की जाए। सुरभि गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाना है। इस दिशा में पहले से ही कई योजनाएँ चल रही हैं और अब तीन नए मनोनीत पार्षदों के जुड़ने से कार्यों की रफ्तार और बढ़ेगी।

#### नागरिकों को भी भागीदार बनाएं

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लीला राम ने अपने संबोधन में कहा कि पार्षदों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी तभी काम करेंगे जब पार्षद मजबूती से जनता की आवाज बनकर सामने आएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान 17 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन को मिलकर काम करना चाहिए। जब घर-घर, गली-गली और सड़कें साफ होंगी, तभी हमारा शहर, जिला, प्रदेश और देश वास्तव में स्वच्छ बन पाएगा। उन्होंने पार्षदों को प्रेरित किया कि वे अपने-अपने वार्ड में स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें और नागरिकों को भी इसमें भागीदार बनाएं।

#### नवमनोनीत पार्षदों को बधाई दी

शपथ ग्रहण समारोह में न केवल पार्षद और नेता बल्कि बड़ी संख्या में नागरिक भी शामिल हुए। इस दौरान पार्षद प्रवेश शर्मा, लीलू सैनी, राजेश सिसोदिया, दीपक शर्मा, रिंकू सैनी, राज सैनी, रामफल सैनी, दिनेश शर्मा, सोनिया धीमान, परमजीत कौर, काका सचदेवा, संजू, रोहन मित्तल, बलजीत इंदल, महेश गोगिया, बीरभान सैनी, जग्गा सैनी, मोहनलाल सैनी सहित कई पार्षद मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने नवमनोनीत पार्षदों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके जुड़ने से नगर परिषद के कार्य और अधिक प्रभावी होंगे। शहर की जनता को भी इस अवसर पर यह भरोसा मिला कि नगर परिषद का नेतृत्व और पार्षद एकजुट होकर विकास कार्यों को गति देंगे और स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों को सफल बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

#### जनहित की समस्याओं को गंभीरता से उठाएं

समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति और अन्य नेताओं ने भी पार्षदों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। राव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि यदि हर नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाए तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। वहीं यशपाल प्रजापति ने भी पार्षदों से आग्रह किया कि वे जनहित की समस्याओं को गंभीरता से उठाएं और समाधान तक उसका पीछा करें।

#### पूर्व विधायक लीला राम पिता के समानः चेयरपर्सन

चेयरपर्सन ने भावुक होकर कहा कि पूर्व विधायक लीला राम उनके पिता समान हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें मार्गदर्शन दिया है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता राव सुरेंद्र सिंह का भी आभार जताया, जिन्होंने समय-समय पर उनका उत्साहवर्धन किया। सुरभि गर्ग ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का सहयोग और मार्गदर्शन उन्हें निरंतर नई ऊर्जा देता है, और यही कारण है कि वे शहर के विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने में सक्षम हो पा रही हैं।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन




सीवन। सीवन में विधायक को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

- ठेका प्रथा को खत्म कर नियमित भर्ती की प्रक्रिया लागू करे

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हल्का गुहला विधायक देवेंद्र हंस को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ज्ञापन में लिखा कि फरवरी 2023 में सरकार और संगठन के बीच कर्मचारियों की भर्ती को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी उस पर कोई अमल नहीं हुआ है। स्थाई भर्ती प्रक्रिया लागू न होने के कारण हजारों कर्मचारी असुरक्षा की स्थिति में काम कर रहे हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा सफाई कर्मचारियों को 2100 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त देने की घोषणा तथा ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित करने का जो वादा किया गया था, वह आज तक धरातल पर लागू नहीं हुआ। गुरुग्राम में छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों सहित अन्य नगरपालिकाओं से हटाए गए कर्मचारियों को आज तक ड्यूटी पर वापस नहीं लाया गया है। इससे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है और वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सीवन यूनियन प्रधान संतोष रानी, गुहला यूनियन प्रधान पृथ्वी, राजेंद्र कुमार, धर्मपाल, ओमप्रकाश, सतीश कुमार, सोमदत्त शर्मा और सुभाष ने कहा कि सरकार बार-बार वायदे करती रही है लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करे और ठेका प्रथा को खत्म कर नियमित भर्ती की प्रक्रिया लागू करे। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया कि समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर तुरंत प्रभाव से समाधान निकाला जाए, ताकि सफाई कर्मियों को न्याय मिल सके और नगरपालिकाओं का कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे।

## खबर संक्षेप

### हिंदू धर्म में श्राद्ध का विशेष महत्व

**पूंडरी।** देवी मंदिर फतेहपुर के मुख्य पुजारी संजीव ने कहा कि हिंदू धर्म में श्राद्ध का विशेष महत्व है। यह वह धार्मिक परंपरा है जिसके माध्यम से अपने पितरों (पूर्वजों) को स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति और आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि हिन्दू कैलेंडर के अनुसार हर वर्ष पितृ पक्ष के 16 दिन होते हैं। इस बार पितृ पक्ष 7 सितम्बर रविवार से शुरू होकर 21 सितम्बर रविवार अमावस्या तक रहेगा।

### एसडीएम ने कसान के स्कूल का किया दौरा

**कैथल ।** एसडीएम अजय सिंह ने बुधवार को गांव कसान के सरकारी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने स्कूल में बच्चों से बातचीत की। उनसे किसी भी तरह की समस्या होने पर जानकारी देने बारे आग्रह किया। एसडीएम ने कहा कि जीवन में स्कूली शिक्षा का विशेष महत्व है। इस दौरान बच्चे जो सीखते हैं, वह सारी उम्र काम आता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों से भावात्मक जुड़ाव रखें।

### एमटीपी किट के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**कैथल ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर के मार्गदर्शन में बुधवार को आईजी कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला मिशन समन्वयक ज्योति एवं सहायक दिव्या द्वारा आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं को एमटीपी किट के दुरुपयो दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### पोर्टल पर गन्ना फसल का पंजीकरण अनिवार्य

**कैथल ।** चीनी मिल कैथल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले साल से गन्ना फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। हरियाणा प्रांत का कोई भी सहकारी चीनी मिल पोर्टल पर बिना पंजीकरण के गन्ने की बोंडिंग नहीं कर पाएगा। क्योंकि सभी सहकारी चीनी मिलों में हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ द्वारा एकीकृत गन्ना प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर के माध्यम से लागू कर दी गई है। गन्ना फसल का 100 % पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करे।

## जिले में कुपोषण के आंकड़ों में आया सुधार : एडीसी



कैथल। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**कैथल।** बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने सभी चयनित गांवों में बच्चों के पोषण से संबंधित जानकारी ली गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाईजरों से ग्रामीण स्तर पर किए गए प्रयास एवं कार्यों का ब्योरा लिया गया। एडीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी किए गए कि वे आपसी तालमेल स्थापित कर कुपोषण मुक्त अभियान में सहयोग करें। कुपोषण मुक्त अभियान से कैथल जिले में कुपोषण के आंकड़ों में काफी सुधार हुआ है। कैथल जिले के हर गांव में यह अभियान चलाना है, ताकि पूरे जिले के कुपोषित बच्चों के आंकड़ों में सुधार हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी को आदेश दिए जिन आंगनबाड़ी वर्कर की कार्य कुशलता में कमी पाई जाती है।

# साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए

- संगरोली स्कूल में एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन ने कराया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। स्कूल परिसर में पौधारोपण करते हुए संस्था सदस्य व सरपंच पिंकी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगरोली में एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सहयोग से मंगलवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों को जैविक विविधता, पर्यावरण संरक्षण, गुड टच-बैड टच, पर्सनल हाइजीन और साइबर क्राइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगरोली सरपंच पिंकी व सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पुंडीर ने भाग लिया। वन विभाग की जिला समन्वयक रेखा और रेंज ऑफिसर महावीर ने बच्चों को जैव विविधता के महत्व पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण बेहद आवश्यक है। विभिन्न प्रजातियों की उपस्थिति प्राकृतिक संतुलन और खाद्य सुरक्षा की गारंटी देती है। डॉ. मनीषा मंगल ने छात्राओं को पर्सनल हाइजीन और गुड टच-बैड टच की जानकारी दी। अभिभावकों को बच्चों के साथ विश्वास का माहौल बनाना चाहिए ताकि वे बिना डर अपनी बात साझा कर सकें।संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मजबूत पासवर्ड बनाना और उन्हें समय-समय पर बदलना जरूरी है। इस मौके पर स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

## मुंशी प्रदीप कुमार एएसआई के पद पर प्रमोट



कैथल। एएसआई प्रदीप कुमार को स्टार लगाते हुए एसपी आस्था मोदी।

**कैथल ।** साइबर क्राइम थाना कैथल में बतौर मुंशी कार्यरत प्रदीप कुमार को मुख्य सिपाही से एएसआई के पद पर प्रमोट होने पर एसपी आस्था मोदी ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले एएसआई प्रदीप कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा।

# मोनिका ने 96 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया : राजकुमार बेनीवाल

- जाट आईटीआई का 2024-25 सत्र का वार्षिक परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते जाट हाई स्कूल सोसाइटी के पदाधिकारी।

जाट शिक्षण संस्थान में स्थित जाट आईटीआई,कैथल का 2024-25 सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रूप से सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने बताया की सभी ट्रेडों के सभी विद्यार्थियों ने बहुत अच्छे अंक हासिल करते हुए अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीशियन ट्रेड प्रथम वर्ष में रीना 90% प्रथम,राहुल 89% द्वितीय,अजय 88% तृतीय, इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष में मोनिका 96% प्रथम,हर्ष 90% द्वितीय, हरपाल 89% तृतीय, फिटर प्रथम वर्ष में अमन 88% प्रथम, अशिंल 84% द्वितीय, मोक्ष 83% तृतीय, फिटर द्वितीय वर्ष में रविंदर 83% प्रथम, हैप्पी 81% द्वितीय,इशू 80% तृतीय, वेल्डर ट्रेड में रोहित 87% प्रथम, युवराज 85% द्वितीय,अजय 84% तृतीय,कोपा ट्रेड में योगिता 95% प्रथम, अंजलि 93% द्वितीय सोनू 90% तृतीय तथा हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में कल्पना 92% प्रथम, मोनु 91% द्वितीय तथा सुमन 90% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे।

## काव्य प्रतियोगिता का आयोजन



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

**राजौंद।** गांव किठाना किठाना कालेज आफ एजुकेशन में हिन्दी साप्ताहिक दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत काव्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि,भाषाई अभिव्यक्ति तथा हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतिभागियों ने हिंदी है माथे की बिंदी,शिक्षा,साहित्य, समाज सुधार और प्रकृति विषयक कविताएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की प्रस्तुति में भावपूर्ण अभिव्यक्ति, सरस भाषा और सशक्त शैली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कालेज प्राचार्या डॉ निर्मल सिंहरोहा ने विद्यार्थियों को बताया कि हिन्दी साप्ताहिक दिवस जैसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में साहित्यिक प्रतिभा को निखारते हैं बल्कि हिन्दी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ सुमन ढांडा ने हिंदी संगम साप्ताहिक दिवस के बारे विद्यार्थियों को बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

## नगर पालिका ने प्रारंभ किया 11 सप्ताह का स्वच्छता अभियान

# स्ट्रीट वेंडर्स और स्थानीय लोगों को किया जागरूक

- अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



गुहला चीका। नगर पालिका सचिव जतिंद्र शर्मा ने स्ट्रीट वेंडर्स सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका चीका द्वारा 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025' की शुरुआत 24 अगस्त से की गई है, जो 25 नवंबर 2025 तक चलेगा। 11 सप्ताह तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। आज नगर पालिका सचिव जतिंद्र शर्मा ने स्ट्रीट वेंडर्स सदस्यों एवं स्पोर्ट्स कोच सतनाम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में सभी को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई और यह आग्रह किया गया कि सभी वेंडर अपनी रेहड़ियों के पास डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि कचरा इधर-उधर न फैले। इसके साथ ही वार्ड नंबर 09 संजय बस्ती में एक जगह चिन्हित की गई, जहां लोग खुले में कचरा फेंकते थे। उस स्थान को तुरंत साफ करवाया गया और स्थानीय नागरिकों को खुले में कचरा न फेंकने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर म्युनिसिपल कोऑर्डिनेटर प्रकाश एवं फील्ड असिस्टेंट मदन शर्मा ने संजय बस्ती में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपने घर से निकलने वाले कचरे को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें और नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर सेवा में भी उसे अलग-अलग करके ही डालें।

#### ये रहे मौजूद

लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने की भी सलाह दी गई और सभी से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की गई ताकि चीका शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सके। इस मौके पर सफाई दरोगा हिशम सिंह, सफाई कर्मचारी तलविंदर सिंह एवं अन्य सफाई मित्र उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

ग्राम पंचायत डीग में ग्रामीण ट्यूबवैल कर्मचारी का एक रिक्त पद को भरने हेतु दिनांक 15.09.2025 से 18.09.2025 तक प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (किसी भी कार्य दिवस में बीडीपीओ कार्यालय पूण्डरी में) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ताकि आवेदन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कैथल भेजे जा सकें। आवेदन की शर्तें इस प्रकार है: –
1. प्रार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. प्रार्थी की योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए।
3. प्रार्थी सजायाफता नहीं होना चाहिए।
4. प्रार्थी शारिरिक रूप से ठीक होना चाहिए।
इच्छुक व्यक्ति उक्त पद हेतू आवेदन पत्र उपरोक्त तिथि तक जमा करवा सकता है।

राकेश जुड, ग्राम सचिव
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पूण्डरी, जिला कैथल

**सार्वजनिक सूचना**

ग्राम पंचायत हाबडी में ग्रामीण ट्यूबवैल कर्मचारी का एक रिक्त पद को भरने हेतु दिनांक 15.09.2025 से 18.09.2025 तक प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (किसी भी कार्य दिवस में बीडीपीओ कार्यालय पूण्डरी में) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ताकि आवेदन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कैथल भेजे जा सकें। आवेदन की शर्तें इस प्रकार है: –
1. प्रार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. प्रार्थी की योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए।
3. प्रार्थी सजायाफता नहीं होना चाहिए।
4. प्रार्थी शारिरिक रूप से ठीक होना चाहिए।
इच्छुक व्यक्ति उक्त पद हेतू आवेदन पत्र उपरोक्त तिथि तक जमा करवा सकता है।

राकेश जुड, ग्राम सचिव
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पूण्डरी, जिला कैथल

**सार्वजनिक सूचना**

ग्राम पंचायत बरसाना में ग्रामीण ट्यूबवैल कर्मचारी का एक रिक्त पद को भरने हेतु दिनांक 15.09.2025 से 18.09.2025 तक प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (किसी भी कार्य दिवस में बीडीपीओ कार्यालय पूण्डरी में) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ताकि आवेदन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कैथल भेजे जा सकें। आवेदन की शर्तें इस प्रकार है: –
1. प्रार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. प्रार्थी की योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए।
3. प्रार्थी सजायाफता नहीं होना चाहिए।
4. प्रार्थी शारिरिक रूप से ठीक होना चाहिए।
इच्छुक व्यक्ति उक्त पद हेतू आवेदन पत्र उपरोक्त तिथि तक जमा करवा सकता है।

श्रीमति रीतु रानी, ग्राम सचिव
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पूण्डरी, जिला कैथल

**सार्वजनिक सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसल में ग्रामीण ट्यूबवैल कर्मचारी का एक रिक्त पद को भरने हेतु दिनांक 15.09.2025 से 18.09.2025 तक प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (किसी भी कार्य दिवस में बीडीपीओ कार्यालय पूण्डरी में) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ताकि आवेदन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कैथल भेजे जा सकें। आवेदन की शर्तें इस प्रकार है: –
1. प्रार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. प्रार्थी की योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए।
3. प्रार्थी सजायाफता नहीं होना चाहिए।
4. प्रार्थी शारिरिक रूप से ठीक होना चाहिए।
इच्छुक व्यक्ति उक्त पद हेतू आवेदन पत्र उपरोक्त तिथि तक जमा करवा सकता है।

रामप्रसाद, ग्राम सचिव
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पूण्डरी, जिला कैथल

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले में युवाओं को प्रदान किए ऑफर लेटर

**जींद** । सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या दहिया ने बताया कि स्थानीय रोजगार कार्यालय सफीदों में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 76 युवाओं ने भाग लिया द्य रोजगार मेले में हेल्थकेयर कंपनी द्वारा वेलनेस एडवाइजर के पदों के लिए युवाओं को 26 ऑफर लैटर प्रदान किए गए तथा सुरक्षा कम्पनी पंजाब द्वारा सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए 14 ऑफर लैटर प्रदान किए गए।

### आज लगभग पांच घंटे बंद रहेगा उचाना सब स्टेशन

**जींद** । वीरवार को उचाना का 132केवी सब स्टेशन लगभग 5 घंटे बंद रहेगा। इस दौरान कंडक्टर लाइन बदलने का काम किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए निगम के अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने कहा कि सुबह सात से पौने 12 बजे तक यह काम किया जाएगा। इस कारण खरक एरिया की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### क्रेडिड कार्ड से 50 हजार की धोखाधड़ी, केस दर्ज

**कैथल**। सीवन पुलिस ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 50000 की धोखाधड़ी करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गोघ के बलबीर सिंह ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसका क्रेडिट कार्ड का नंबर व ओटीपी पूछते हुए उसके साथ 50000 की धोखाधडी की।

### खेड़ी लांबा में मारपीट महिला घायल

**कैथल**। गांव खेड़ी लांबा में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव खेड़ी लांबा की मूर्ति देवी ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 सितंबर को जब दिन में वह खेतों से जा रही थी तो गांव के ही रमेश और गुरमेल ने उसे रास्ता रोकते हुए लाठी और कसी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।
बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली निगम की टीम से हाथापाई

**कैथल** । बिजली निगम की टीम के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बिजली निगम ढांड के उपमंडल अभियंता प्रिंस भूरा ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 सितंबर को जब बिजली निगम की टीम गांव पबनावा में जांच के लिए गई थी तो वहां पर सुल्तान, बलवान सिंह तथा उनके परिवार के एक महिला व अन्य सदस्यों ने मिलकर टीम के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। सब इंस्पेक्टर बलजोर सिंह ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

### गांव का सरकारी स्कूल नरेंद्र सिंह सिंधु के नाम पर होगा

# शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**चचेरे भाई रोहतास ने उन्हें मुखाग्नि दी, सेना के अधिकारी ने पिता को तिरंगा भेंट किया**





कैथल। शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु को सेल्यूट करते उनके पिता व शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु की अंतिम विदाई में उमडा जनसमूह फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद(कैथल)

- प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को एक सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता

जिले के रोहेड़ा गांव निवासी लांस नायक शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु का पार्थिव शरीर बुधवार को तिरंगे में लपेटकर गांव लाया गया। जहां पूरे गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु के चचेरे भाई रोहतास ने उन्हें मुखाग्नि दी। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम अजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल हुए और शहीद को श्रद्धांजलि दी। आजाद सिंह ने आगे बताया कि नरेंद्र सिंधु का एक छोटा भाई और दो बड़ी बहने हैं। भाई इस समय अमेरिका में रह रहा है और दोनों बहने शादीशुदा हैं। जबकि पिता दलबीर सिंह एक किसान और माता रोशनी देवी गृहिणी है। पिता ने कहा कि बेटे की शहादत पर गर्व है। उन्होंने अपने बेटे को सेल्यूट किया। अंतिम संस्कार में गांव सहित जिले भर से भारी संख्या में लोगों ने शहीद नरेंद्र को भावभिनी विदाई दी। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय और नरेंद्र सिंह सिंधु अमर रहे के नारे लगाए। वहीं सेना के जवानों ने सलामी दी। सेना के अधिकारी एलए सिंघा ने नरेंद्र के पिता को तिरंगा भेंट किया।

#### परिवार को एक सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी

एसडीएम अजय सिंह ने कहा कि डीसी प्रीति एवं समस्त जिला प्रशासन की ओर से वीर शहीद नरेंद्र को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को एक सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही गांव के सरकारी स्कूल का नाम नरेंद्र सिंह सिंधु के नाम पर रखा जाएगा।



#### आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए थे



शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु

*बता दें कि सोमवार को श्रीनगर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में उनका बलिदान हो गया था। उनके बलिदान की सूचना जैसे ही गांव में पहुंची तो गांव में शोक ही लहर दौड़ गई। नरेंद्र के मामा पूर्व सैनिक आजाद सिंह ने बताया ने बताया कि 28 वर्षीय नरेंद्र सिंह सिंधु तीन राज राइफल के जांबाज सैनिक थे। वर्ष 2017 में राज राइफल दिल्ली भर्ती हुए थे। इसके बाद करीब चार साल पहले ही उनकी तैनाती राष्ट्रीय राइफल श्रीनगर में हुई थी। आगामी पांच अक्टूबर को उनका जन्मदिन था, जिसके लिए वह दो अक्टूबर को घर आने वाले थे, लेकिन भगवान को कुछ ओर ही मंजूर था। उन्होंने बताया कि हर रोज की तरह नरेंद्र श्रीनगर के पास स्थित घाटियों में अपने साथियों के साथ गश्त पर थे। तभी करीब 11 बजे अचानक से आतंकवादियों ने गोलीबारी की और मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान नरेंद्र को गोली लगी और वे गंभीर रूप से घायल हुए। इसके बाद उन्हें श्रीनगर अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनका बलिदान हो गया।*

#### गणमान्य लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, कलायत विधायक विकास सहारण, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा, डीएसपी सुशील प्रकाश, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, सुरेश संधू, मनीष शर्मा, पूर्व सैनिक एसोसिएशन के प्रधान जगजीत सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक, सेना के अधिकारी, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने अंतिम यात्रा में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

---

# आत्महत्या सामाजिक व मानसिक बीमारी

### इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों में है : डॉ. जसबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी फोटो : हरिभूमि

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर डी.ए.वी. कॉलेज, चीका में एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक अस्पताल, चीका की विशेषज्ञ टीम मौजूद रही। कॉलेज प्रांगण में आयोजित इस सेमिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. जसबीर सिंह ने कहा, आत्महत्या केवल व्यक्तिगत संकट नहीं, बल्कि यह एक गहरी मानसिक और सामाजिक बीमारी है, जिसका समाधान केवल सामूहिक प्रयासों और संवाद से संभव है।

इस अवसर पर डॉ. जसविन्द्र सिंह, डॉ. वीरेंद्र पाल और डॉ. राजेंद्र सिंह सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आत्महत्या के कारणों और बचाव पर अपने विचार साझा किए। साथ ही मनोवैज्ञानिक काउंसलर मनप्रीत कौर, नेहा रानी, मनप्रीत सिंह, संजय खान और जसकरण सिंह ने भी विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, अवसाद और आत्मघाती विचारों से बचने के उपाय बताए। वक्ताओं ने कहा कि तनाव, अकेलापन, पारिवारिक कलह और आर्थिक समस्याएं आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि किसी भी स्थिति में मौन न साधें, बल्कि खुलकर परिवार, मित्रों या काउंसलर से बात करें। आत्महत्या कोई समाधान नहीं है, बल्कि समस्या से भागने का खतरनाक तरीका है।

#### साहस से सामना करें

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जसबीर सिंह ने विद्यार्थियों से जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने और हर चुनौती का साहस से सामना करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "जीवन अनमोल है, और विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हर समस्या का हल संभव है।

---

# इनेलो की रोहतक सम्मान दिवस रैली रचेगी नया इतिहास : तेजवीर गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



कैथल। बातचीत करते हुए इनेलो जिला प्रधान महासचिव तेजवीर गुर्जर ढांड।

इनेलो जिला प्रधान महासचिव तेजवीर गुर्जर ढांड ने कहा कि चौ. देवी लाल की 112वीं जयंती पर रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस रैली हरियाणा की राजनीति में नया अध्याय लिखेगी। यह रैली अब तक की सबसे बड़ी और सबसे प्रभावशाली राजनीतिक रैली होगी, जो प्रदेश की जनता की भावनाओं का सच्चा प्रतिबिंब बनेगी।

तेजवीर गुर्जर ढांड ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश का हर वर्ग—किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, युवा और बेरोजगार—आज निराशा के अंधकार में है। महंगाई लगातार आसमान छू रही है, किसानों को उनकी फसल का पूरा दाम नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल धोखा दिया जा रहा है और एक के बाद एक भर्ती पेपर लीक ने लाखों सपनों को तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे कर्मचारी आज भी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, जबकि भाजपा सरकार केवल जुमलेबाजी और दिखावटी कार्यक्रमों तक सीमित होकर रह गई है। उन्होंने कहा कि इनैलो ही वह विकल्प है जो जनता की असली आवाज़ को बुलंद कर सकता है। यह सम्मान दिवस रैली प्रदेश की जनता का स्पष्ट संदेश होगी।

---

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक किया



कैथल। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ लेते हुए।

**राजौंद**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के अंतर्गत खेड़ी राओ वाली के आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला के दिशा निर्देश व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप सिंह के मार्गदर्शन में किया गया ।इस दौरान चिकित्सा विभाग से ए एन एम पूजा के साथ आशा कार्यकर्ता अनीता रानी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी ने लोगों को जागरूक किया ।इस दौरान ए एन एम पूजा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व लिंगानुपात पर जागरूकता और शपथ यह दर्शाता है समुदाय को बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और समाज में समान अवसरों के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए ।समुदाय के सदस्यों, खासकर महिलाओं को लिंगभेद और लिंग चयनात्मक उन्मूलन के खिलाफ शिक्षित किया जाता है और एक सशक्त नागरिक बनने की शपथ दिलाकर लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाए।

---

# अब दो की बजाए पांच अक्टूबर से बांगर से सद्भाव यात्रा की शुरुआत करेंगे बृजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। मीटिंग को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

प्रदेश भर में सद्भाव का संदेश देने के लिए बांगर के दनौदा गांव से कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह सद्भाव यात्रा का शुरूआत करेंगे। पहले यह यात्रा दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती से शुरू होनी थी। इस दिन दशहरा होने के चलते यह यात्रा अब पांच अक्टूबर को शुरू होगी। यात्रा पहले चरण में 17 अक्टूबर तक छह हलकों में पहुंचेगी।

यात्रा की रूपरेखा को लेकर बुधवार को राजीव गांधी महाविद्यालय के सभागार में मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंहए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ-साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषि हैबतपुर भी पहुंचे। कांग्रेस कई सालों के बाद एकजुट नजर आई क्योंकि अब से पहले जो भी जिलाध्यक्ष बनते थे उसे किसी न किसी गुट में गिना जाता था। जो यात्रा बृजेंद्र सिंह निकाल रहे है उसको लेकर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व द्वारा भी हरी झंडी दे दी गई है।

#### बेरोजगारी, अग्निवीर जैसे मुद्दे होंगे

*बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यात्रा के माध्यम से युवाओं को जागरूक करेंगे। यात्रा में जो मुख्य मुद्दे होंगे उनमें बेरोजगारी, अग्निवीर, वोट चोरी समेत अन्य मुद्दे होंगे। यात्रा में हर वर्ग के लोग हिस्सा लेंगे। यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह नजर आ रहा है। इस मौके पर उदयवीर पूनिया, सज्जन सिंह, राजबीर संधू, दिलबाग ढांडा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

---

### नुकसान का सर्वे करवा मुआवजा दिया जाए

# जजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम मान को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान जोरा सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर एसडीएम सत्यवान मान को ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप से जुलाना पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा भी मौजूद रहे। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि इन दिनों लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण पूरे प्रदेश सहित जिला जींद में भी कई जगहों पर बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। नहरों, नालों के आसपास और निचले क्षेत्रों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों के खेत आम लोगों के घर, व्यापारियों की दुकानों और पशुधन प्रभावित हुए हैं। जननायक जनता पार्टी का मानना है कि इस गंभीर प्रस्तुति में संभावित किसानों व्यापारियों और आम नागरिकों को तत्काल मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जानी चाहिए साथ ही इन क्षेत्रों में पानी भरा हुआ है वहां से तुरंत निकासी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मांग की कि नुकसान का त्वरित सर्वे करवा कर प्रभावितों को उचित मुआवजा दिलाया जाए।

---

### एसडीएम ने मॉडल संस्कृति स्कूल का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

# ऐसे बच्चों की पहचान करें जो पढ़ाई में पिछड़ रहे

**एसडीएम बोले- ऐसे बच्चों की काउंसलिंग करवाई जाए ताकि शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित हो सके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। निरीक्षण करते हुए एसीडीएम।

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बुधवार को पिल्लूखेड़ा स्थित मॉडल संस्कृती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और उपस्थित अध्यापकों के साथ बातचीत की। एसडीएम ने स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र से कहा कि वे विद्यालय में पढऩे वाले ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करें जो पढ़ाई में पिछड़ रहे हैं अथवा विशेष सहायता के पात्र हैं। ऐसे बच्चों की काउंसलिंग करवाई जाए ताकि उनकी शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार है और किसी भी विद्यार्थी को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने पीलूखेडा खंड में स्थित सभी स्कूलों में पढऩे वाले दिव्यांग विद्यार्थियों की पहचान करने के लिए भी निर्देश दिए। प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र ने बताया कि स्कूल में ऐसे 9 विद्यार्थी हैं, जिनको पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अध्यापकों को इन बच्चों का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय में पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान की नियमित सफाई और देखभाल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में ही विद्यार्थी बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकते हैं और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

#### शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं

*एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है। अध्यापकों का दायित्व है कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, अनुशासन एवं सहपाठ्यक्रम गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि भविष्य में वे समाज और राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान दे सकें।*

---

# जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

### पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को काबू करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डीलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई । उन्होने उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई। जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया और कहा कि यह जमीन इनकी है। 37 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से उनका सौदा तय हो गया। 12 मार्च को 60 लाख रुपए बयाना देकर इकरारनामा करवा दिया गया। 21 अप्रैल को उन्होने 20 लाख रुपए और दे दिए। तथा रजिस्ट्री की तारीख 22 मई तय हुई। 22 मई को वह रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील गुहला गए परंतु आरोपीगण वहां नहीं पहुंचे। उन्होंने गांव शादीपुर पहुंचकर पता किया तो उन्हें पता चला कि आरोपीगण ने षड्यंत्र रचकर यह धोखाधड़ी की है। उनसे अमरजीत, कमलजीत कहकर मिलवाए गए व्यक्ति भी असल में इस नाम के व्यक्ति नहीं है। जिस धोखाधड़ी बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई महेंद्र सिंह व एएसआई रामपाल सिंह की टीम ने सिमरनजीत को गिरफ्तार किया।